सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:37 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:17 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप

दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com | सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 112 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

धनतेरस के मौके पर नैनीताल में...पेज-3 पर

## सूचना

मंगलवार 21 अक्टूबर 2025 को दीपावली पर्व के अवसर पर संपूर्ण उत्तरांचल दीप कार्यालय में अवकाश रहेगा। जिस कारण समाचार पत्र का अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

## News कॉर्नर

### डीएम ने दी जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामना



नैनीताल । जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद वासियों को दीपों के त्योहार दीपावली, धनतेरस, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की हार्दिक बधाई देते हुए समस्त जनपद वासियों के बेहतर स्वास्थ्य, मंगलमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।जिलाधिकारी रयाल ने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग खुशियों के त्योहार को अपने परिवार व बच्चों के साथ मनाए व आतिशबाजी व पटाखे चलाने के दौरान बच्चों पर अधिक ध्यान दें तथा उनके साथ रहें। उन्होंने जनपद वासियों से इको फ्रेंडली दीपावली मनाने व एक दीपक देश की समृद्धि के नाम जलाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से वोकल फ ॉर लोकल खरीदारी करने व सुरक्षित दीपावली त्योहार मनाने की अपील की।

### आज नहीं होगी बिजली की किल्लत, यूपीसीएल ने तैयार किया खास प्लान

**देहरादून।** दिवाली पर बिजली की किल्लत नहीं होगी। 24 घंटे जगमग रखने के लिए यूपीसीएल ने खास प्लान तैयार किया है। यूपीसीएल ने बाजार से पहले ही अनुमानित मांग के अनुरूप खरीद का प्लान तैयार किया। दिवाली पर 24 घंटे जगमग रखने के लिए यूपीसीएल ने खास प्लान तैयार किया है। कहीं कोई आपूर्ति संबंधी बाधा आएगी तो उसे न्यूनतम समय में दूर कर दिया जाएगा। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने बताया कि इन दिनों बिजली की मांग करीब 4.6 करोड़ यूनिट चल रही है। इसके सापेक्ष उपलब्धता भी करीब इतनी ही है। दिवाली पर बिजली की मांग पांच करोड़ यूनिट से ऊपर पहुंचने का अनुमान है। इसके लिए यूपीसीएल ने पूरी तैयारी की है। बाजार से अनुमानित मांग के तहत बिजली खरीदी जाएगी। एमडी कुमार ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दिवाली पर आपूर्ति पर पल-पल नजर रखी जाए। कहीं आपूर्ति बाधित हो तो उपखंड अधिकारी से लेकर अधीक्षण अभियंता तक इसकी सूचना तुरंत मिले। उनसे यह सूचना यूपीसीएल मुख्यालय तक भी आए। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। मकसद ये है कि न्यूनतम समय में बिजली आपूर्ति सुचारु की जाए।

## बदरी-केदार में दीपोत्सव आज, गेंदे के फूलों से सजाया गया धाम

**रुद्रप्रयाग**
हमारे संवाददाता

बदरी-केदार में दीपावली सोमवार को मनाई जाएगी। दीपोत्सव के लिए बदरी-केदार को फूलों से सजाया गया है। बदरीनाथ मंदिर को गेंदे के फूलों से सजाया गया है साथ ही गुलाब व अन्य फूलों से आकर्षक आकृतियां उकेरी गई हैं। बदरीनाथ धाम में बीकेटीसी तीर्थ पुरोहितों व हक हकूकधारियों के सहयोग से दीपोत्सव मनाएगी। डिमरी केंद्रीय पंचायत, मेहता, भंडारी, कमदी हकहकूकधारियों के साथ दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। धाम पहुंचे मुंबई, गुजरात, सिलीगुड़ी



से आए श्रद्धालुओं का कहना है कि फूलों से सजा बदरीनाथ मंदिर भव्य और आकर्षक लग रहा है। यह उत्साह करने वाला पल है। दीपावली त्योहार को लेकर बदरीनाथ धाम में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। बदरीनाथ मंदिर को 12 क्विंटल गेंदे के फूलों से भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। बदरीनाथ धाम में दीपावली के दिन माता लक्ष्मी, कुबेर जी और बदरीविशाल के खजाने की विशेष पूजा की जाती है।

इस दिन मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों के साथ ही श्रद्धालु भी दीपक जलाते हैं। इसको लेकर मंदिर में तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर को गेंदे के फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर को सजाने के लिए मुंबई के किसी श्रद्धालु ने फूलों की व्यवस्था की है। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। बदरीनाथ में दीपावली को धार्मिक रीति रिवाज के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।

बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने बताया कि धाम में दीपावली 20 अक्तूबर को मनाई जाएगी। त्योहार के दिन स्थानीय लोगों के साथ ही दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालु भी मंदिर परिसर में दीप जलाते हैं। केदारनाथ मंदिर में कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत रविवार को भकुंट भैरव की आज्ञा लेने के बाद मंदिर के गर्भगृह से स्वयंभू लिंग के ठीक ऊपर स्थापित सोने का छत्र और कलश उतार दिया गया है। इससे पूर्व केदारसभा की ओर से केदार बाबा की विशेष पूजाएं संपन्न कराई गई। आज सोमवार से भगवान की बिना शृंगार के आरती होगी और सूक्ष्म होगी।

### प्रधानमंत्री बोले, आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भरता का प्रतीक

## पीएम मोदी ने गोवा में नौसेना के जवानों संग मनाई दिवाली

**नई दिल्ली**
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल भी दिवाली सैनिकों के साथ मनाई। इस बार वे गोवा के तट पर नौसेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आईएनएस विक्रांत का दौरा किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिवाली गोवा तट पर भारतीय नौसेना के जवानों के साथ मनाने पहुंचे। सशस्त्र बलों के जवानों के साथ दिवाली मनाने की परंपरा को जारी रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा और कारवार के तट पर आईएनएस विक्रांत का दौरा किया।। इस दौरान पीएम मोदी ने जवानों को भी संबोधित किया। बता दें कि, 2014 से प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद से पीएम मोदी सशस्त्र बलों के जवानों के साथ दिवाली मनाते रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन अद्भुत है। ये दृश्य अविस्मरणीय है। आज मेरे पास एक तरफ समंदर है, तो दूसरी तरफ मां भारती के वीर



जवानों की ताकत है। आज एक तरफ मेरे पास अनंत क्षितिज...अनंत आकाश है और दूसरी तरफ अनंत शक्तियों का प्रतीक यह विशालकाय आईएनएस विक्रांत है। समुद्र के जल पर सूर्य की किरणों की चमक, वीर सैनिकों द्वारा जलाए गए दिवाली के दीयों के समान है। पीएम मोदी ने कहा कि आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दीपावली के पर्व में हर किसी को अपने परिवार के बीच दीवाली मनाने का मन करता है। मुझे भी मेरे परिवार जनों के बीच दिवाली मनाने की आदत हो गई है और इसलिए आप जो मेरे परिवार जन हैं, उनके बीच मैं दिवाली मनाने चला जाता हूं। मैं भी ये दिवाली मेरे परिवार जनों के साथ मना रहा हूं... उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है, जब आईएनएस विक्रांत को देश को सौंपा जा रहा था तो मैंने कहा था कि विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है, विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है।

## चीन सीमा पर ज्योलिंगकांग पहुंचे सेना प्रमुख, आज ओम पर्वत जाएंगे जनरल द्विवेदी

**पिथौरागढ़**
हमारे संवाददाता

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को जिले के सीमांत क्षेत्र ज्योलिंगकांग पहुंचे और सेना के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में तैनाती के बीच दीपावली पर्व पर जवान अपने घर-परिवार से दूर हैं।

ऐसे में वह उनके साथ दीपावली मनाने यहां पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने जवानों से उच्च हिमालयी क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान आने वाली परेशानियों और अन्य समस्याओं पर चर्चा की और उनकी चौकसी की सराहना की। जानकारी के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी सोमवार को ओम पर्वत क्षेत्र का भी दौरा करेंगे। वह शनिवार को पिथौरागढ़ में सैन्य क्षेत्र भड़कटिया पहुंचे थे। वहां उन्होंने सेना के अधिकारियों-जवानों और पूर्व सैन्य कर्मियों के साथ मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर बात की। उनका मार्गदर्शन किया। रविवार को वह चीन सीमा से सटे आदि कैलाश क्षेत्र में सेना की अग्रिम चौकी ज्योलिंगकांग के दौरे पर गए। उन्होंने इलाके का भ्रमण कर अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। जवानों की हौसलाअफजाई की।

दीपावली पर सेना प्रमुख को अपने बीच पाकर जवानों में उत्साह का संचार हुआ। जनरल द्विवेदी ने जवानों की समस्याएं भी जानीं। सूत्रों के मुताबिक छोटी दीपावली पर रविवार को सेना प्रमुख द्विवेदी जवानों के बीच रहेंगे और सोमवार को ओम पर्वत क्षेत्र का भी दौरा करेंगे।





# कांग्रेसियों ने किया विकास पुरुष तिवारी को याद

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा देवभूमि उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुखयमंत्री, पूर्व राज्यपाल तथा विकास पुत्र स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी की 100 वीं जयंती तथा 7 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय तल्लीताल में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने स्व. तिवारी को उनके जन्म शताब्दी पर याद करते हुए कहा कि उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुखयमंत्री रहते हुए उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के लिए उनका हमेशा स्मरण किया जाएगा। कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल एक स्वर में प्रदेश सरकार से मांग करती है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय का नाम स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी जी के नाम पर रखा जाए।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी मोहन कांडपाल, राजू लालएपूर्व दायित्वधारी रईस भाईएपप्पू कर्नाटकए नगर महामंत्री कैलाश अधिकारी, नगर सचिव बंटू आर्य,व्यापार मंडल उपाध्यक्ष नासिर भाई, विरेंद्र सिंह बिष्ट, ललित सिंह बोरा, पूर्व उपसचिव छात्रसंघ गौरव कुमार तथा विनोद परिहार तथा मोजुनैद आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर भवाली में भी सदी के महानायक व विकास पुरुष महान स्वतंत्रता सेनानी उत्तराखंड के पूर्व मुयमंत्री पंडित नारायण तिवारी जयंती एवं पुण्यतिथि पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट तथा नगर पालिका भवाली के अध्यक्ष पंकज आर्य के नेतृत्व में भवाली सेनेटोरियम अस्पताल में मरीजों को फल एवं जूस वितरण करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि पूर्व मुखयमंत्री स्व. पंडित नारायण दत्त तिवारी ने उत्तराखंड ही नहीं अपितु पूरे देश में विकास की गंगा बहाई थी। उन्होंने कहा उत्तराखंड में सिडकुल की स्थापना उन्होंने के शासनकाल में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए की गई थी। विकास पुरुष की बहुत ही दूरदर्शिता वाली सोच के कारण ही आज तराई भाबर हो भीमताल हो हरिद्वार हो सभी जगह इंडस्ट्री लाकर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया था। ऐसे महान विभूति को सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये इस अवसर पर धनी दुमका, राजेंद्र कुमार, हर्षित, शेर सिंह बिष्ट, प्रकाश, जया ,सुनीता, रविंद्र, राजू, हरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



# टनकपुर, पीलीभीत जाने वाली बसों में हुई सीट के लिए जद्दोजहद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

दिवाली के पहले दिन रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों का रेला उमड़ा। टनकपुर, पीलीभीत के लिए बस पकड़ने के लिए यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। डिपो प्रबंधन ने टनकपुर, पीलीभीत के लिए 11 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की। लखनऊ भी दो अतिरिक्त बस भेजी गई।

रविवार को सुबह से ही लोगों का बस स्टेशन पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। टनकपुर और पीलीभीत जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक थी। वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी ब्रह्मानंद, स्टेशन प्रभारी संचालन दीवान लाल और अन्य कर्मी बसों की व्यवस्था करने में जुटे रहे। यात्रियों के लिए बसों में सीटों का बंदोबस्त करते दिखे। यात्रियों की संख्या को देखते हुए दिल्ली रूट चलने वाली चार और हरिद्वार रूट की सात बस टनकपुर, पीलीभीत भेजी गई। रविवार को लखनऊ के लिए तीन बस भेजी गई। अन्य दिनों एक बस लखनऊ के लिए संचालित होती थी। डिपो के सहायक महाप्रबंधक श्रीराम कौशल ने बताया कि खटीमा, बरेली के लिए बसों के अतिरिक्त फेरे लगवाए गए। सोमवार को भी यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसों की व्यवस्था की जाएगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली और पिकअप में टक्कर ठेकेदार समेत चार मजदूरों की मौत

नानकमत्ता

हमारे संवाददाता

मुर्गियों से लदे तेज रफ्तार पिकअप और ट्रैकर ट्रॉली की टक्कर में ठेकेदार समेत चार मजदूरों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के परखचे उड़ गए और पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गया। मजदूर दिवाली मनाने अपने यूपी स्थित घर जा रहे थे। पुलिस ने फोन पर मृतकों के परिजनों को सूचित कर कर दिया है। अमरोहा निवासी अखिलेश (26) पुत्र अंतराम, हसनगढ़, संभल निवासी जयवीर सिंह (31) पुत्र श्यामलाल, हसनगढ़ निवासी शीशपाल सिंह (22) पुत्र महावीर सिंह, हसनगढ़ निवासी गुरमुख सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, हसनगढ़ निवासी जयवीर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह, हसनगढ़ निवासी प्रदीप और पुरुषोत्तम ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर शनिवार सुबह पर्व पर अपने घर जा रहे थे। वह लोग सड़ासड़िया, झनकट में ठेका बेस पर विद्युत कार्य करते थे जबकि अखिलेश ठेकेदार था। ट्रैक्टर को शीशपाल चला रहा था। नानकमत्ता डैम से पहले हाईवे पर सितारगंज से नानकमत्ता को जाने वाले मार्ग के कट पर सामने से तेज गति से आ रहे पिकअप ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। ट्रॉली में सवार सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। चालक पिकअप मौके पर छोड़कर भाग गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नानकमत्ता थानाध्यक्ष उमेश कुमार और प्रतापपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र पंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को पुलिस के वाहन और 108 एंबुलेंस की सहायता से खटीमा उप जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टर ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि जयवीर सिंह पुत्र श्यामलाल और गुरमुख सिंह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शीशपाल को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल के लिए रेफर किया गया लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सीओ खटीमा विमल रावत ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दी गई है। नानकमत्ता में सड़क दुर्घटना के दौरान हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने जेसीबी मशीन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को मौके से हटा कर हाईवे पर यातायात सुचारू करवाया।

## NEWS / फटाफट

### संदिग्ध परिस्थितियों में होटल कर्मी की मौत

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित एक होटल में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी 44 वर्षीय राम सिंह मल्लीताल स्थित एक होटल में काम करता था। शनिवार सुबह उसने होटल में ठहरे पर्यटकों के लिए खाना बनाया। करीब दस बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। वह कमजोरी होने की बात कह अन्य कर्मियों से कहकर आराम करने अपने कमरे में चला गया। देर तक वापस नहीं आने पर तो अन्य कर्मचारी उसकी खबर लेने कमरे में पहुंचे, जहां वह बेसुध मिला। कर्मचारी तत्काल उसे राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि पंचनामा कर शव मोर्चरी भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पायेगा।

### राह चलते व्यक्ति पर मोबाइल चोरी का आरोप

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक होटल कर्मी ने राह चलते व्यक्ति पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। बता दें मल्लीताल निवासी नीरज सिंह ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि मल्लीताल में राह चलते उनका मोबाइल एक व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मोबाइल चोरी का पता लगने तक व्यक्ति ने मोबाइल गुम कर दिया लेकिन व्यक्ति को पकड़ लिया गया। सूचना के बाद पुलिस व्यक्ति को कोतवाली ले आई। मामले में एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले में व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

### नैनीताल में पटाखे की दुकान में चोरी

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में डीएसए मैदान में लगी पटाखों की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। तीन युवक सीसीटीवी में चोरी करते कैद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी जमन ने डीएसए मैदान में दुकान लगाई थी। शनिवार की रात दुकान बंद करके वह कार में सो गये। रविवार की सुबह जब उठकर उन्होंने दुकान खोली तो दुकान से लगभग 20 हजार के पटाखे गायब मिले। जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो तीन अज्ञात युवक पटाखे चोरी कर ले जाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कोतवाली में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### एनडीपीएस के मामले में अभियुक्त हुआ दोषमुक्त

**नैनीताल** । अपर मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल के न्यायालय में वर्ष 2021 से विचाराधीन मामले में दंडाधिकारी रवि रंजन ने फैसला सुनाया जिसमें उन्होंने मुखय अभियुक्त असद वारसी को बेकसूर मानते हुए दोष मुक्त करार दिया है। एनडीपीएस के इस मामले मेंपरीक्षण के दौरान अभियोजन के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध 11 गवाह व 8 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किये जिन्हें अपनी कुशल जिरह द्वारा अधिवक्ता मो. खुर्शीद हुसैन ने अभियोजन पक्ष के सबूतों में विरोधाभास उजागर कर न्यायालय के समक्ष रखा। चार वर्षो की लगातार मेहनत व सशक्त पैरवी के माध्यम से अधिवक्ता ने निर्दोष व्यक्ति को इंसाफ दिलवाया।

### छापेमारी के दौरान सभी 10 दुकानों की मिठाई मिली ओके



**नैनीताल** । खाद्य सुरक्षा विभाग ने नैनीताल के तल्लीताल व मल्लीताल में मिठाई की दुकानों में छापेमारी की, साथ ही दुकानों में साफ -सफाई रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल मिश्रा ने बताया कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए नैनीताल में मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान टीम ने मिठाइयों की जांच की साथ ही साफ सफ ाई का जायजा लिया। बताया कि लगभग 10 दुकानों में निरीक्षण किया गया । सभी दुकानों में मिठाई की क्वालिटी ठीक पाई गई साथ ही साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक पाई गई।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कैंची धाम स्थित रैस्टोरेंट में गोली लगने से टैक्सी चालक की मौत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**हड़कंप**

- हत्या की आंशका पर परिजनों ने तहरीर देने की बात कही
- घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी

नैनीताल जिले के पवित्र कैंची धाम में स्थित किरौला रेस्टोरेंट में शुक्रवार की देर रात खाना खाने के दौरान अचानक गोली चलने से बेतालघाट के पानकटारा गांव निवासी आनंद सिंह शाही (39) की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक टैक्सी चालक था।

दूसरी ओर पुलिस ने घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को कबजे में लेकर रेस्टोरेंट स्वामी समेत चार लोगों से पूछताछ की। गोली रेस्टोरेंट स्वामी की लाइसेंसी बंदूक से चली है। एसपी क्राइम डॉ जगदीश चंद्रा ने फॉरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर साक्ष्य जुटाए। रेस्टोरेंट स्वामी और अन्य चार लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक की ओर से रिवाल्वर मांगी जा रही है थी रिवाल्वर नहीं देने के दौरान अचानक गोली चलने से आनंद की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजनों ने हत्या की आंशका जताते हुए तहरीर देने की बात पुलिस से कहीं है।

एसपी क्राइम डॉ जगदीश चंद्रा ने बताया कि मृतक रेस्टोरेंट में रुका था। उन्होंने कहा कि पूछताछ में रेस्टोरेंट स्वामी ने बताया कि आनंद उनसे बंदूक देने को कह रहा था बंदूक नहीं देने के दौरान अचानक गोली चलने से उसकी मौत हो गई। एसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस की ओर से जांच की जा रही है।

# नैनीताल की पहचान है पारंपरिक कैंडल्स, दिवाली के लिए मिठाई वाली, फ्रूट वाली खास मोमबत्ती यहां उपलब्ध हैं

उत्तरांचल दीप

अफजल हुसैन फौजी



उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल सिर्फ अपनी प्राकृतिक सुंदरता और झीलों के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी पारंपरिक कैंडल मेकिंग कला के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां की कैंडल्स दशकों से इस शहर की पहचान बनी हुई हैं. खूबसूरत रंगों, मनमोहक खुशबुओं और आकर्षक डिजाइनों से सजी ये कैंडल्स स्थानीय कारीगरों के हाथों से तैयार होती हैं. हर त्योहार पर इनकी मांग बढ़ जाती है, खासतौर पर दिवाली के दौरान नैनीतालवासी और पर्यटक इन कैंडल्स को जमकर खरीदते हैं। इस साल भी नैनीताल के बड़ा बाजार में दीपावली की रौनक देखते ही बनती है। दुकानों पर रोशनी और सजावट के बीच मेहरोत्रा हाउस ऑफ वैक्स की कैंडल्स लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। यह दुकान करीब 50 साल पुरानी है और नैनीताल की सबसे मशहूर कैंडल शॉप्स में गिनी जाती है. दुकान की मालिक वर्षा मेहरोत्रा बताती हैं कि हर साल दिवाली के मौके पर वे नई डिजाइन की कैंडल्स लॉन्च करती हैं ताकि ग्राहकों को कुछ नया और आकर्षक मिल सके। इस साल उनकी दुकान पर सबसे ज्यादा चर्चा में हैं दो खास कैंडल्स ऐपण कैंडल्स और मिठाई कैंडल्स. ऐपण कैंडल्स उत्तराखंड की पारंपरिक लोक कला ऐपण से प्रेरित हैं. इन पर स्थानीय डिजाइन और पैटर्न बड़े ही बारीक तरीके से उकेरे गए हैं, जो उत्तराखंड की संस्कृति की झलक दिखाते हैं. वहीं, मिठाई कैंडल्स देखने में बिल्कुल असली मिठाइयों जैसी लगती हैं, लड्डू, बर्फी, गुलाब जामुन जैसी आकृतियों में बनी ये कैंडल्स लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वर्षा बताती हैं कि उनकी दुकान की हर कैंडल नैनीताल में हाथों से तैयार की जाती है, जिसमें पूरी मेहनत और रचनात्मकता झलकती है. दिवाली के मौके पर अरोमा कैंडल्स, फ्लोटिंग कैंडल्स, गिफ्ट हैंपर और थीम कैंडल्स की मांग सबसे ज्यादा रहती है. पर्यटक भी यहां से बड़ी संख्या में कैंडल्स खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं। इन कैंडल्स की कीमत की बात करें तो कैंडल्स ?200 से शुरू होकर डिजाइन और साइज के हिसाब से बढ़ती जाती हैं, जबकि गिफ्ट हैंपर ?400 से ?500 तक में मिल जाते हैं. नैनीताल की ये कैंडल्स सिर्फ सजावट का सामान नहीं, बल्कि यहां की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय हुनर की पहचान बन चुकी हैं. हालांकि अब नैनीताल में कैंडल का काम काफी कम हो चुका है, ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स, और बेहद कम कीमत के चलते कैंडल्स का काम पहले के मुकाबले काफी कम हुआ है।

# अभिमत



## पूरा भारत एक

*देश के विभाजन के समय कई समुदाय के हजारों परिवार अपना घर, दुकान, जमीन छोड़कर भारत आ गये थे। भारत में पूरा सम्मान मिला और प्रगति की। डॉ. मोहन भागवत ने उन लोगों की पीड़ा के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों का घर आज पाकिस्तान में है, लेकिन वह घर अलग नहीं है। यह भावना नई पीढ़ी तक पहुंचानी चाहिए। देश की अखंडता और एकता के लिए हमें एक होना होगा। एकता की आवश्यकता है, विवादों की नहीं।*

भारत के विभाजन का दर्द सात दशक बाद भी महसूस हो रहा है। 'विविधता में एकता' शब्दों के उच्चारण मात्र से कुछ नहीं होगा, अमल करने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने देश के विभाजन को याद करते हुए कहा, 'हमारे घर का एक कमरा किसी ने कब्जा लिया है, एक दिन हमें उसे वापस लेना होगा।' यह पाकिस्तान को खुली चेतावनी है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भीषण हिंसा हो रही है। पाकिस्तान के कई हिस्सों के लोग वहां की सरकार के जुल्म से परेशान हैं और सड़कों पर उतरकर विद्रोह कर रहे हैं। भारत जब चाहे दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान नाम के देश को मिटा सकता है, लेकिन भारत संयम बरत रहा है। देश के विभाजन के समय कई समुदाय के हजारों परिवार अपना घर, दुकान, जमीन छोड़कर भारत आ गये थे। भारत में पूरा सम्मान मिला और प्रगति की। डॉ. मोहन भागवत ने उन लोगों की पीड़ा के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों का घर आज पाकिस्तान में है, लेकिन वह घर अलग नहीं है। यह भावना नई पीढ़ी तक पहुंचानी चाहिए। देश की अखंडता और एकता के लिए हमें एक होना होगा। एकता की आवश्यकता है, विवादों की नहीं। अंग्रेजों ने भारत पर शासन के लिए बांटो और राज करो की कूटनीति रची। वर्षों तक स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों ने संघर्ष किया तथा बलिदान दिया। विवश होकर ब्रिटिश शासन को गुलामी से मुक्ति तो देनी पड़ी, परन्तु अंग्रेज जाते-जाते भारत का विभाजन कर गये। भारतवासियों को भौतिकवाद का टूटा हुआ दर्पण थमा गये। उस दर्पण में लोग विभिन्न समुदायों में विभाजित दिखते हैं। छोटी-छोटी बात पर झगड़ते हैं। हमें आध्यात्मिक दर्पण में खुद को देखना चाहिए, जिसमें हम ड्सब एक दिखते हैं। विडम्बना यह है कि तुष्टिकरण, जातिवाद, परिवारवाद की राजनीति ने भारत के नागरिकों को विभाजित कर आपस में लड़ा रखा है। भाषावाद के नाम पर दक्षिण और उत्तर भारत का जहर घोला जा रहा है। देश में हर दस मील पर बोली और पानी बदल जाता है। हर प्रांत की अलग-अलग भाषा और संस्कृति है। रीति-रिवाज अलग है। अनेक विविधता के बाद भी भारत के सभी लोग एक हैं। विभाजन होने के बाद भी भारत से अलग हुए देश पुरातन संस्कृति से जुड़े हैं, यही अखंड भारत का प्रमाण है।

# धनतेरस के मौके पर नैनीताल में खूब हुई धनवर्षा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

दीप पर्व दीपावली के तहत शनिवार को धनतेरस के विशेष मौके पर नैनीताल में खूब धनवर्षा हुई। बर्तन समेत इलेक्ट्रानिक उत्पाद व घर की सजावट के सामान की लोगों ने जमकर खरीददारी की। बाजार में सुबह 10 बजे से भीड़ उमडऩी शुरू हुई। शनिवार को धनतेरस के चलते नैनीताल में बर्तनों की दुकानों में खरीददारों की भीड़ उमड़ी रही।

बाजार में कलैंडर, पोस्टर, मूर्तियां, दीयों के साथ ही बिजली की माला और अन्य सजावटी सामग्री की बिक्री भी जबरदस्त रही। सजावटी सामान बेचने वाले करन मेहरा ने बताया कि सुबह से ही धनतेरस के लिए बाजार सज गया था।धनतेरस पर मिठाई तथा पटाखे आदि की भी अच्छी बिक्री हुई।

बर्तन कारोबारी अनील कुमार ने बताया कि बाजार में दोपहर तक सन्नाटा पसरा रहा लेकिल दोपहर के बाद शहर में पैर रखने की भी जगह नहीं रही बाजार में ग्राहकों की मांग के अनुसार सौ रूपए से लेकर हजारों रूपए तक के बर्तनों की बिक्री की गई।





### महज 40 फीसदी रहा सर्राफा कारोबार

**नैनीताल ।** सोने व चांदी के दाम बढने से धनतेरस पर महज 40 फीसदी ही सर्राफ ा कारोबार रहा। सर्राफ ा व्यापारी दीपक गुरूरानी ने बताया की इस बार सोने के साथ ही चांदी के दामों में भी वृद्धि हुई है। ग्राहक चाहकर भी सोने चांदी की खरीदारी नहीं कर पा रहे है। कुछ ग्राहकों ने केवल शगुन के लिए चांदी के सिक्के खरीदे। ग्राहकों ने 10 ग्राम के जगह दो ग्राम व पांच के सिक्के खरीदे वहीं बीते साल की तुलना में महज 40 फीसदी ही कारोबार रहा। बीते साल जिस सिक्के की कीमत एक हजार रूपए थी उसकी कीमत इस बार 2400 रूपए है।

### बिरला विद्या मंदिर को मिला स्कूल ऑफ द ईयर का खिताब

**नैनीताल।** नगर का प्रतिष्ठित बालक आवासीय विद्यालय बिड़ला विद्या मंदिर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल ऑफ द ईयर का खिताब मिला है इसके तहत स्कूल को देश व राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि यह विद्यालय कई दशक से शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और चरित्र निर्माण की गौरवशाली परंपरा को कायम रखे हुए है।एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया की रैंकिंग विद्यालय की शैक्षणिक, खेल तथा संस्कृति और नैतिक मूल्यों को दर्शाती है। यह कामयाबी विद्यालय प्रबंधन को दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

बिरला विद्या मंदिर शैक्षणिक उत्कृष्टता व प्रत्येक छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय शिक्षकों व छात्रों व अभिभावकों को दिया है।

# वोकल फॉर लोकल' की परिकल्पना को साकार कर रहा स्वदेशी दिवाली मेला: भट्ट

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



नगर निगम की ओर से गांधी पार्क में बीते छह दिनों से चल रहे स्वदेशी दिवाली मेले में रविवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ पूर्व केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन मंत्री तथा सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मेले के मंच को जीवंत बना दिया। पूरा गांधी पार्क दीपावली की रौनक और उत्साह से सराबोर नजर आया।

मेले में पहुंचने पर महापौर विकास शर्मा ने सांसद भट्ट एवं विधायक शिव अरोरा का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।सांसद अजय भट्ट ने मेले के सफल आयोजन के लिए महापौर विकास शर्मा और नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी। महापौर विकास शर्मा ने छोटे व्यापारियों और ठेली-फड़ व्यवसायियों के हित में एक ऐतिहासिक पहल की है। महापौर विकास शर्मा ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन, व्यापारियों और नगर निगम टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप नगर निगम छोटे व्यापारियों और फड़ वालों को मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है। पहले छोटे कारोबारी मुख्य बाजारों में जगह-जगह फड़ लगाकर व्यापार करने को मजबूर होते थे, जिससे जाम और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती थी। वेंडिंग जोन विकसित करने और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से हजारों छोटे व्यापारी लाभान्वित हुए हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल,दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, विजय तोमर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## दिवाली में आयोजकों ने किए बदलाव, जुबीन के निधन की वजह से लिया गया फैसला





*असम अब भी जुबीन गर्ग के निधन के शोक में डूबा है। गायक के निधन की वजह से कई आयोजकों ने अपने यहां कार्यक्रमों में खास बदलाव किए हैं। हाल ही में असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन हो गया। इसके ठीक एक महीने के बाद असम, दिवाली और काली पूजा उत्सव मनाने के लिए तैयार है। ऐसे में कई आयोजकों ने इस साल की काली पूजा और दिवाली को जुबीन गर्ग को समर्पित करने का फैसला किया है। गुवाहाटी में, कालापहाड़ के कॉलोनी बाजार में मौजूद विवेकानंद स्पोर्टिंग क्लब ने महादेव (भगवान शिव) थीम पर काली पूजा उत्सव का आयोजन किया है। यह पूजा 20 अक्टूबर से शुरू होगी। क्लब के संयुक्त सचिव शशांक चक्रवर्ती ने एएनआई को बताया इस साल हम 61वां काली पूजा उत्सव मना रहे हैं। हमारे मशहूर गायक जुबीन गर्ग के निधन पर, हमने कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। हमने अपना मंच अपने प्रिय गायक को समर्पित किया है।*

### श्रद्धांजलि के लिए कार्यक्रम का आयोजन

*एक अन्य आयोजक सुमन ने बताया कि इस साल पूजा के दौरान प्रकाश और ध्वनि शो का आयोजन किया जाएगा। उलुबारी स्थित डायनमो क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरीश दास ने कहा, इस साल हमने अपनी पूजा जुबीन गर्ग को समर्पित की है। हम केवल अनुष्ठान करेंगे, अन्य कार्यक्रम नहीं। हम एक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे ताकि लोग जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि दे सकें। ख्याल रहे कि जुबीन गर्ग का सिंगापुर में डूबने से निधन हो गया था। वह नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करने गए थे। उनके पार्थिव शरीर को पहले दिल्ली लाया गया और बाद में 21 सितंबर को असम ले जाया गया।*

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार खरीदने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले पर दर्ज किया मुकदमा

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

कार खरीदने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जीवाड़े के एक मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रकरण नगर के सिविल लाइन निवासी विनोद कुमार गकखर की ओर से दर्ज कराया गया है, जिसमें रजनीश अरोरा, निवासी इंद्रा कॉलोनी, पर धोखाधड़ी, विश्वासघात और षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित विनोद गक्खर ने 5 मार्च 2024 को रजनीश अरोरा से मारुति स्विफ्ट कार यूपी 22बीसी 2030 पाँच लाख पचास हजार रुपये में खरीदी थी। रजनीश ने बताया था कि कार पर तीन लाख रुपये का लोन चल रहा है और विनोद से उसे महिंद्रा फाइनेंस के खाते में यह राशि जमा कराने को कहा। शेष 2-5 लाख रुपये नकद देने के बाद कार वादी को सौंप दी गई और एक महीने के भीतर एनओसी देने का आश्वासन दिया गया। पीड़ित के अनुसार, एक माह बीत जाने के बाद जब उसने एनओसी की मांग की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। 15 अक्टूबर 2024 को व्यापार मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में आदर्श कॉलोनी चौकी में पंचायत हुई, जहां रजनीश अरोरा ने सात दिन के भीतर एनओसी या रुपये वापस करने का स्टाम्प पेपर पर लिखित आश्वासन दिया। निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बावजूद न तो एनओसी सौंपी गई और न ही राशि लौटाई गई। पीड़ित ने पहले मामले की शिकायत 26 अगस्त 2024 को थाना रुद्रपुर में दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में 26 सितंबर 2024 को एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा गया, जिस पर 12 फरवरी 2025 को जांच अधिकारी से रिपोर्ट तलब की गई। रिपोर्ट के अभाव में कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिकायतकर्ता का आरोप लगाया है कि रजनीश अरोरा एक गिरोह बनाकर फाइनेंस कंपनियों से मिलीभगत कर गाड़ियों का लोन पास करवाता है और बाद में किस्तें न देकर गाड़ियाँ जब्त कराई जाती हैं। फिर उन्हें औने-पौने दामों में खरीदकर अन्य लोगों को बेच दिया जाता है। उसी तरह का फर्जीवाड़ा वादी के साथ भी किया गया। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

News कॉर्नर

## मेधावी सोनम का समीक्षा अधिकारी पद पर हुआ चयन



**धारी।** जिले के ओखलकांडा विकास खंड के ग्राम सभा महतोली, भीड़ापानी की मेधावी छात्रा सोनम पुत्री कमल कांत उत्तराखंड शासन की सचिवालय में समीक्षा अधिकारी (राजस्व विभाग) के पद पर नियुक्ति होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिजनों के मुताबिक पहाड़ क्षेत्र की बेटी ने सभी बेटियों को यह संदेश दिया है कि कठिन परिश्रम करने पर किसी भी मुकाम पर पहुंचा जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने सोनम के साथ ही उनके परिजनों को बधाई दी है।

## बिना रजिस्ट्रेशन की स्कूटी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के किराए पर दी

**नैनीताल।** हल्द्वानी से बिना रजिस्ट्रेशन स्कूटी बाइक बिना लाइसेंस किराया देना स्कूटी संचालक को महंगा पड़ गया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने दो स्कूटी सीज कर दी है। बता दें कि नैनीताल में दीपावली को लेकर पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है। रविवार को भी नैनीताल में पुलिस ने चैकिंग अभियान चालाया। इस दौरान पुलिस ने डांठ पर दो बिना नंबर की स्कूटी आते देखी तो स्कूटी रोक दस्तावेज दिखाने को कहा। इस दौरान पूछताछ में पता लगा कि बंगाल के पर्यटक हल्द्वानी से बिना डीएल के ही स्कूटी किराये पर लाए हैं। मामले में एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि काठगोदाम निवासी शाकिर अंसारी व शाहरुख आलम की ओर से बिना डीएल के स्कूटी पर्यटकों को किराये पर देने पर सीज कर दी गई है।

# दीपावली:नैनीताल घरों समेत मंदिरों,प्रतिष्ठिानों व होटलों में बिजली की सजावट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दीप पर्व दीपावली के चलते इन दिनों सरोवर नगरी नैनीताल के अधिकांश घरों समेत मंदिरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व होटलों को आकर्षक बिजली की मालाओं से सजाया गया है। रात्रि के समय दूर से ही यह नजारा बेहद आकर्षक लग रहा है।

नगर के तल्लीताल व मल्लीताल समेत माल रोड के सभी प्रतिष्ठानों व होटलों को व्यवसायियों की ओर से बेहद ही आकर्षक तरीके से बिजली की मालाओं से सजाया गया है। देश के विभिन्न शहरों से वीकेंड तथा दीपावली के मौके पर नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटक नैनीताल के



रात्रि के इस दिलकश नजारे को अपने कैमरे में कैद कर अपने शुभचिंतकों को भेज रहे हैं। संभावना जतायी जा रही है सोमवार व मंगलवार को बिजली की मालाओं की और अधिक सजावट नगर में देखने को मिलेगी दूसरी ओर रविवार को भी लोगों ने दुकानों से मिठाईयां



व खिल खिलौने तथा आतिशबाजी आदि खरीदी। कुल मिलाकर दोपहर बाद नगर में लोगों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ लगी रही।

## महालक्ष्मी पर्व को लेकर असमंजस बरकरार

**नैनीताल।** दीप पर्व दीपावली में महालक्ष्मी पर्व सोमवार या मंगलवार कब मनाया जाए इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोगों का कहना है कि बीते वर्ष की तरह अबकी बार भी दो दिन महालक्ष्मी पर्व मनाने की बात हो रही है जिससे सभी असमंजस में हैं। दूसरी ओर कई लोगों का कहना है कि उनकी ओर से मंदिर के पुजारियों से बात की गयी तो उनका भी कोई स्पष्ट कहना नहीं है। फिलहाल अधिकांश लोगों का कहना है कि वह 20 अक्टूबर (सोमवार) को ही महालक्ष्मी पर्व मनाएंगें। नगर के प्रतिष्ठित श्री मां नयना देवी मंदिर में श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से जारी त्यौहारों की सूची में महालक्ष्मी पर्व की तिथि 21 अक्टूबर (मंगलवार) जारी की गयी है।

# पटाखा बाजार में 288 हैंड ग्रेनेड, अनार मैट्रो की धमक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

इस बार पटाखा बाजार में 288 हैंड ग्रेनेड और अनार मैट्रो ने दस्तक दी है। हैंड ग्रेनेड और अनार मैट्रो पटाका के शौकीनों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार पटाखों में 25 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

नगर के मोदी मैदान में लगे पटाखा बाजार विभिन्न प्रकार के पटाखों से पटा है। पहली बार बाजार में आया 288 हैंड ग्रेनेड 1500 रुपये का बिक रहा है। हैंड ग्रिनेड को हाथ में पकड़कर जलाया जा सकता है। यह 288 फायर करता है। अनार मेट्रो की कीमत 350 रुपये है। ट्रेन के आकार में बने अनार में एक साथ तीन अनार जलेंगे। बात पटाखों में महंगाई की मार की करें तो पिछले साल मुर्गा छाप पटाखा 12 रुपये का था। इस बार उसकी कीमत 15 रुपये है। मिट्टी का बड़ा अनार 300 से 350 रुपये में बिक रहा है। पिछली बार



इसकी कीमत 210 से 250 रुपये थी। मिट्टी का छोटा अनार पिछले साल 120 रुपये का था। इस बार 150 रुपये में बिक रहा है। पटाखा बाजार की खास बात यह है कि कालीश्वरी जैसी नामी कंपनियों ने मुर्गा छाप पटाखा की 1000, 2000 की लड़ी बनाना बंद कर दिया है। इन कंपनियों के लड़ियां बाजार में उपलब्ध नहीं हैं। सामान्य कंपनियों की लड़ी बाजार में उपलब्ध हैं। पटाखा व्यवसायी मनिंदर सिंह ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार 25 से 30 प्रतिशत रेट बढ़े हैं। व्यापारी शंभू नाथ, राहुल कुमार, भूपेश कुमार, विनोद कुमार, मनीष कनौजिया ने बताया कि ग्राहक अलग-अलग वैरायटी के पटाखे खरीदना पसंद करते हैं।

# भाजपा की वरिष्ठ नेता हेम आर्य देहरादून में बीजेपी कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मनाई दीपावली

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

देहरादून बीजेपी कार्यालय में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यकर्ताओं के साथ दीपावली मनाई, इस दौरान उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के साथ दीपावली मनाई।

इस दौरान नैनीताल से वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हेम आर्य ने सुबह मुख्यमंत्री आवास में जाकर बधाइयां दी, जिसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के आवाज जाकर उनको दीपावली की शुभकामनाएं दी है। वहीं देर शाम को संगठन मंत्री अजय कुमार राज्यसभा सांसद नरेश बंसल प्रदेश, महामंत्री दीप्ति रावत,प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र, प्रदेश महामंत्री कुंदन सिंह परिहार और किसान मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष किशन सिंह नेगी के साथ भाजपा कार्यालय में दीपावली मनाई। साथ वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड वासियों और नैनीताल गणमान्य जनता को दीपावली की शुभकामनाएं दी है।



# पुलिस ने मासूम बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी को दबोचा, कोर्ट में पेश, जेल भेजा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मासूम बच्ची को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि तीनपानी डैम निवासी महिला गुरुवार सुबह काम पर चले गई थी। जबकि उसका पति दिल्ली में काम करता है। ऐसे में उसके छोटे बच्चे घर में ही थे। उसके तीन बच्चे खेलते हुए घर से करीब पांच सौ मीटर दूर तक पहुंच गए थे। जहां से दो बड़े बच्चे वापस लौट गए लेकिन पांच साल की बच्ची वहीं रूक गई। इसी बीच बच्ची को अकेला देखकर एक युवक दुष्कर्म करने के इरादे से उसे अगवा कर किच्छा बाइपास रोड स्थित एक बगीचे की ओर ले गया था। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गया था। मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर प्राथमिकी पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसकी पहचान मूलरूप से खमरिया थाना बंडा, तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर यूपी और हाल कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप निवासी राजीव कुशवाहा पुत्र नंदलाल कुशवाहा के रूप में की।

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने हिगला देवी मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शनिवार को 459 वें दिन भी जारी रहा।

बता दें पौधारोपण अभियान के 459 वें दिन पिथौरागढ़ के हिगला देवी मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।

# दीपावली मिलन कार्यक्रम के तहत भाजपा का बाजार भ्रमण

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

दीपावली पर्व के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अल्मोड़ा की ओर से शनिवार को दीपावली मिलन के लिए बाजार भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिखर तिराहे से हुआ, जहां से भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मुख्य बाजार क्षेत्रों में व्यापारियों से मिले और उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि दीपावली का पर्व स्वदेशी को बढ़ावा देने का अवसर है।

हम सभी को स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर स्वदेशी अपनाएं देश को सशक्त बनाएं के संकल्प को साकार करना चाहिए। व्यापारी बंधु स्वदेशी के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा कि व्यापारियों ने लोकल फॉर वोकल को प्राथमिकता देना यह दर्शाता है कि भाजपा का स्वदेशी अभियान सीधे स्थानीय व्यापारियों तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, मेयर अजय वर्मा, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व दायित्वधारी गोविंद पिलखवाल, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष कुंदन लटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, राजीव गुरुरानी, जिला उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, जिला महामंत्री दर्शन रावत, मीडिया प्रभारी मनीष जोशी (मंटू) सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार सुरेंद्र की माता का आकस्मिक निधन, मीडिया कर्मियों ने जताया शोक

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर की माता 92 वर्षीय रामरखी का रविवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलते ही नगर एवं पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व- रामरखी अपने पीछे पुत्र पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर के साथ ही पुत्र अशोक गिरधर, विजय गिरधर व राकेश गिरधर सहित पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलने पर विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत पत्रकार सुरेन्द्र तनेजा, केवल बत्र, अनिल चौहान, परमपाल सुखीजा, मुकेश गुप्ता, फणीन्द्र गुप्ता, प्रमोद ढींगड़ा,अरविन्द कुमार, जगदीश चन्द्र, चंदन बंगारी, कंचन वर्मा, रूपेश सिंह, भरत साह,मनोज आर्य,विजय आहूजा, आकाश आहूजा, भास्कर पोखरियाल,विकास कुमार, दुर्गेश तिवारी, दीपक कुकरेजा, सूरज राजपूत,बबलू, नरेंद्र राठौर,गुरबाज सिंह,दीपक गुलाटी, महेन्द्र गाबा, संजीव मलिक, शिव गुम्बर सहित कई लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस की एनएसएस टीम ने वृद्धाश्रम में मनाया दीपावली उत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस की एनएसएस टीम ने इस वर्ष दीपावली का पर्व आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम हल्द्वानी में मनाकर बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को प्रेम व संगीत और स्नेह की रोशनी से भर दिया। जिससे दीपावली का असली अर्थ प्रेम और करुणा के रूप में साकार हुआ। स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम को रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया पारंपरिक घीरे डिजाइन से द्वारों को अलंकृत किया और वहां की मातृसमान महिलाओं के हाथों में मेहंदी रचाई। सभी ने मिलकर पहाड़ी गीतों पर नृत्य और संगीत का आनंद लिया जिससे एक सुखद पारिवारिक माहौल



बना और हर चेहरा खुशियों से दमक उठा। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए एनएसएस इकाई ने ग्रीन दिवाली पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जिससे प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ. अमित मित्तल और डॉ. संतोषी सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। वृद्धाश्रम के निवासियों ने स्वयंसेवकों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम ने एनएसएस के मूलमंत्र

नॉट मी बट यू की भावना को साकार किया। सेवा प्रेम और मानवता के माध्यम से दीपावली मनाने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कैंपस निदेशक प्रो.(कर्नल) अनिल नायर (सेवानिवृत) ने एनएसएस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल समाज में सकारात्मकता फैलाती है बल्कि छात्रों में सामाजिक जिमेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी प्रबल करती है।